# संगठनात्मक गतिविधियों पर विवरण

1) वर्किंग कमेटी के निर्णयानुसार, EEFI के अध्यक्ष, महासचिव तथा वरिष्ठ नेता कॉम. एस. देवरॉय व सुभाष लांबा ने CITU की जनरल काउंसिल बैठक के दौरान CITU की झारखण्ड, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, बिहार व गुजरात राज्य कमेटियों के महासचिवों के साथ मुलाकात की। ये राज्य अगस्त 2025 तक EEFI केंद्र के नेतृत्व के साथ प्राथमिक संपर्क स्थापित कर बैठकें आयोजित करेंगे। इसका फॉलोअप कॉम. सुदीप दत्ता व कॉम. सुभाष लांबा द्वारा किया जाएगा।

2) DVC श्रमिक यूनियन ने 11–12 मई 2025 को बांकुड़ा, पश्चिम बंगाल में सफलतापूर्वक अपना सम्मेलन आयोजित किया, जिसमें EEFI महासचिव उपस्थित रहे।

3) MSU पंजाब का सम्मेलन 24–25 मई 2025 को आयोजित हुआ, जिसमें भारी संख्या में भागीदारी रही। CITU की जनरल काउंसिल बैठक के कारण EEFI केंद्र नेतृत्व सम्मेलन में शामिल नहीं हो सकें।

4) AP UEEU का सम्मेलन 14–15 जून 2025 को गुंटूर, आंध्र प्रदेश में आयोजित होगा। EEFI केंद्र की ओर से कॉम. एस. राजेंद्रन सम्मेलन में भाग लेंगे।

5) COTEE का सम्मेलन 8–10 अगस्त 2025 को कुड्डालोर, तमिलनाडु में आयोजित होगा।

6) KSEB OA का सम्मेलन 22–24 अगस्त 2025 को केरल में आयोजित होगा।

7) तूतीकोरिन, तमिलनाडु के NTPL पावर प्लांट में 1,500 संविदा श्रमिकों ने NLC द्वारा स्वीकृत न्यूनतम मजदूरी की मांग को लेकर 29 दिनों तक हड़ताल की। लंबे संघर्ष के बाद 90 रू. प्रतिदिन की मजदूरी वृद्धि के साथ हड़ताल ख़त्म कर दी गई।

8) हिमाचल प्रदेश में बिजली कर्मचारियों, पेंशनरों व उपभोक्ताओं द्वारा जिलावार हजारों लोगों को जुटाकर निरंतर संघर्ष चल रहा है। निस्संदेह यह जनसंग्रहण अद्‌भुत है।

9) उत्तर प्रदेश का संघर्ष लगातार 185 दिनों से जारी है। सरकार विरोध प्रदर्शनों को कुचलने पर आमादा है और यूपी पावर कॉर्पोरेशन ने एक दमनकारी आदेश जारी कर प्रबंधन को किसी भी कर्मचारी को एकतरफा हटाने या पदावनत करने का अधिकार दे दिया है। विरोध स्वरूप, हमने NCCOEEE के बैनर तले देशभर में भोजन अवकाश के दौरान प्रदर्शन आयोजित किया, परंतु यह पहल पर्याप्त नहीं थी। प्रबंधन किसी भी दिन टेंडर नोटिस जारी कर सकता है। BJP सरकार के इस अलोकतांत्रिक रवैये के खिलाफ अभियान चलाना और इस मुद्दे पर देशव्यापी आक्रामक कार्रवाई की तैयारी करना अत्यंत आवश्यक है।

10) हमने परमाणु ऊर्जा उत्पादन श्रृंखला में कुछ महत्वपूर्ण संपर्क स्थापित किए हैं। हमारी इकाइयाँ व संपर्क राजस्थान, तमिलनाडु और महाराष्ट्र स्थित न्यूक्लियर पावर कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (NPCIL) में हैं। हैदराबाद स्थित न्यूक्लियर फ्यूल कॉम्प्लेक्स (NFC) और तेलंगाना के मंगूरू स्थित हेवी वाटर प्लांट में भी हमारी मौजूदगी है। जुलाई महीने में हम दिल्ली में परमाणु ऊर्जा एवं सहायक इकाइयों की एक नेतृत्व बैठक आयोजित करने की योजना बना रहे हैं। यह हमारे विस्तार का एक नया क्षेत्र होगा।

11) झारखंड की एक थर्मल पावर उत्पादन इकाई EEFI से संबद्ध होने वाली है। इस संबंध में आवश्यक प्रक्रियाएं प्रारंभ की जा चुकी हैं।